# लेनदारों की पूंजी, कर्ज वृद्धि पर चोट

दीपक कोरगांवकर और निकिता वशिष्ठ
मुंबई/नई दिल्ली, 17 नवंबर

असुरक्षित कर्ज पर भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आदेश का अल्पावधि में बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धि पर असर पड़ना तय है। विश्लेषकों ने यह चेतावनी देते हुए कहा है कि आक्रामक खुदरा उधारी पर बैंक अपनी रफ्तार धीमी रख रहे हैं।

इसके अलावा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए फंड की लागत बढ़ने की आशंका है क्योंकि बैंक पूंजी की लागत पर पड़ा ज्यादा भार एनबीएफसी के ऊपर डाल देंगे।

एमके ग्लोबल फाइनैंशियल सर्विसेज ने कहा, हमारा मानना है कि आरबीआई के कदमों का असर मुख्य रूप से वृद्धि पर पड़ेगा क्योंकि इसके लिए असुरक्षित खुदरा कर्ज और एनबीएफसी को उधारी पर निर्भरता बढ़ रही है। हमारा विश्लेषण बताता है कि वित्त वर्ष 24-26 के दौरान वृद्धि में 100 आधार अंकों की कमी परिसंपत्ति पर रिटर्न (आरओए)/इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) पर 3 से 10 आधार अंक/20 से 100 आधार अंकों का असर डाल सकता है।

गुरुवार को आरबीआई ने असुरक्षित कर्ज मसलन पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड से कर्ज पर जोखिम भारांक 100 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया। ज्यादा रेटिंग वाली एनबीएफसी को बैंक कर्ज का जोखिम भारांक भी 25 फीसदी बढ़ा दिया गया है।

नए नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और यह नए कर्ज के साथ-साथ बकाया कर्ज पर भी लागू होंगे। जोखिम भारांक में बढ़ोतरी का मतलब यह होगा कि बैंकों को ऐसे कर्ज देने के लिए ज्यादा पूंजी अलग रखनी होगी और इसके बदले लेनदार ऐसे कर्ज पर उधारी की दरें बढ़ा सकता है। विश्लेषकों ने ये बातें कही। एक्सचेंजों पर आरबीएल का शेयर 7.7 फीसदी टूट गया जबकि एसबीआई कार्ड्स ऐंड पेमेंट सर्विसेज के शेयर में 5 फीसदी की गिरावट आई। इस बीच, एबी कैपिटल मनी 5.6 फीसदी फिसल गया, उज्जीवन फाइनैंशियल सर्विसेज में 4.8 फीसदी, एलऐंडटी फाइनैंस होल्डिंग्स में 5.7 फीसदी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में 3.5 फीसदी, आईडीबीआई बैंक में 4.3 फीसदी, ऐक्सिस बैंक में 3.2 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक में 1.6 फीसदी, बजाज फाइनैंस में 1.9 फीसदी और भारतीय स्टेट बैंक में 3.7 फीसदी की गिरावट आई।

निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स 2.4 फीसदी गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी बैंक और प्राइवेट बैंक इंडाइसेज 1.3-1.3 फीसदी टूटा। निफ्टी 50 इंडेक्स में 0.17 फीसदी की गिरावट आई।



## असुरक्षित कर्ज पर सख्ती

- जानकारों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आदेश का अल्पावधि में बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धि पर असर पड़ना तय है
- केंद्रीय बैंक की इस कवायद से वित्त वर्ष 2024 से 2026 के दौरान वृद्धि में 100 आधार अंकों की कमी परिसंपत्ति पर रिटर्न/इक्विटी पर रिटर्न पर 3 से 10 आधार अंक से लेकर 20 से 100 आधार अंकों का असर डाल सकता है

### किस पर सबसे ज्यादा चोट?

मार्च 2020 से सितंबर 2023 के बीच असुरक्षित कर्ज में 18.1 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि के हिसाब से वृद्धि हुई है, वहीं एनबीएफसी को कर्ज 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि की रफ्तार से बढ़ा है। इस साल अब तक के हिसाब से असुरक्षित खुदरा कर्ज विभिन्न लेनदारों के यहां 20 से 60 फीसदी तक बढ़ा है। इसके अलावा एनबीएफसी को बैंक उधारी भी वित्त वर्ष 20 से अच्छी खासी बढ़ी है और कुल उधारी में बैंक की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 23 में बढ़कर 36 फीसदी पर पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 20 में 30.6 फीसदी थी।

नए दिशानिर्देश आने के साथ विश्लेषकों का मानना है कि अपेक्षाकृत कम पूंजी या ज्यादा असुरक्षित कर्ज/एनबीएफसी को कर्ज देने वाले लेनदारों पर ज्यादा असर पड़ेगा। इस बीच, सिटी के विश्लेषकों ने कहा कि आरबीएल बैंक के कॉमन इक्विटी टियर-1 में 75 आधार अंकों का क्षरण होगा, एचडीएफसी बैंक के लिए 50 आधारअंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक, ऐक्सिस और आईसीआईसीआई बैंक के लिए के लिए 30-42 आधार अंक और इंडसइंड बैंक और फेडरल बैंक के लिए यह असर 20 आधार अंक तक का होगा।


एमके ग्लोबल का अनुमान है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक को 77 आधार अंक, सिटी यूनियन बैंक को 32, केनरा बैंक-एसबीआई को 82, बैंक ऑफ बड़ौदा को 55, इंडसइंड बैंक को 59 और उज्जीवन एसएफबी को 127 आधार अंकों का झटका लगेगा।

# एशिया प्रशांत में जापान, भारत पसंदीदा बाजार

बीएस संवाददाता
मुंबई, 17 नवंबर

एशिया प्रशांत क्षेत्र में जापान और भारत सबसे पसंदीदा बाजार हैं, यह खुलासा बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) के फंड मैनेजर सर्वे में हुआ है। रितेश समाधिया की अगुआई में बोफा के इक्विटी रणनीतिकारों ने एक नोट में कहा, प्राथमिकता के क्रम में जापान सबसे ऊपर (शुद्ध रूप से 45 फीसदी ओवरवेट) है, जिसके बाद भारत (25 फीसदी) का स्थान है। वहीं थाइलैंड (शुद्ध रूप से 13 फीसदी अंडरवेट), चीन व ऑस्ट्रेलिया (9-9 फीसदी अंडरवेट) अप्रिय बने हुए हैं।

वैश्विक फंड मैनेजर सर्वे से यह भी पता चलता है कि निवेशक आर्थिक हालात को लेकर सतर्क बने हुए हैं, लेकिन ब्याज दरों को लेकर उनका नजरिया तेजी का हो गया है। कई का कहना है कि साल 2024 के लिए निवेशकों की खातिर गाइडेंस सॉफ्ट लैंडिंग, कम ब्याज दर, कमजोर अमेरिकी डॉलर और लार्जकैप तकनीकी शेयरों के इर्द-गिर्द घूम रहा है। फंड मैनेजर सर्वे से पता चलता है कि निवेशकों ने नकदी घटाकर 5.3 फीसदी से 4.7 फीसदी पर ला दी है, जो दो साल का निचला स्तर है। साथ ही यह भी पता चला है कि फंड मैनेजर मार्च 2009 के बाद बॉन्ड पर सबसे ज्यादा ओवरवेट हुए हैं। हालिया सर्वे से पता चलता है कि वैश्विक केंद्रीय बैंक अपने पिछले आक्रामक रुख को पीछे छोड़ सकते हैं, लेकिन जरूरत के मुताबिक मौद्रिक सख्ती का मामला अमल में है।



बोफा के नोट में कहा गया है, वैश्विक फंड मैनेजर सर्वे दुनिया के निराशाजनक परिदृश्य को दोहराता है क्योंकि 57 फीसदी प्रतिभागियों ने अगले 12 महीने में कमजोर अर्थव्यवस्था की संभावना जताई है।

सर्वे से पता चलता है कि निवेशक एक बार फिर दो अंकों में रिटर्न की उम्मीद कर रहे हैं और बढ़त मोटे तौर पर फंडामेंटल पर टिका होगा।

# यूबीएस को सपाट प्रतिफल के आसार

बीएस संवाददाता
मुंबई, 17 नवंबर

ब्रोकरेज यूबीएस का मानना है कि उभरते बाजार (ईएम) और एशियाई इक्विटी कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही के दौरान सपाट प्रतिफल दर्ज कर सकते हैं, क्योंकि टेक चक्र से तेजी पर अमेरिकी मंदी का साया हो सकता है।

यूबीएस द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'यूबीएस के अर्थशास्त्रियों का मुख्य दृष्टिकोण यह है कि 2024 की दूसरी तिमाही में अमेरिका में मंदी रहेगी, भले ही हल्की हो, जिसकी वजह से डीएम यानी घरेलू बाजारों के इक्विटी प्रतिफल में कमी आएगी। जब हम डीएम इक्विटी के मुकाबले ईएम के ऐतिहासिक प्रतिफल को देखें तो संकेत मिलता है कि ईएम के घरेलू बाजारों में आने वाली कमजोरी से बचने की संभावना नहीं है। चूंकि फेडरल रिजर्व दरों में कटौती शुरू करेगा और आईटी में तेजी बनी हुई है जिससे हम 2024 की दूसरी छमाही में बेहतर प्रतिफल की संभावना देखेंगे।'




ब्रोकरेज ने एमएससीआई ईएम के लिए 2024 के अंत तक लक्ष्य 1020 और एमएससीआई एशिया एक्स-जापान के लिए 650 निर्धारित किया है, जिससे मौजूदा स्तरों से महज एक अंक की तेजी का संकेत मिलता है। यूबीएस को अमेरिकी बाजारों के लिए थोड़ी कम तेजी की उम्मीद है।

# बैंकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात पर असर

एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग ने कहा है कि व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड जैसे उपभोक्ता ऋणों के लिए जोखिम भार में वृद्धि किए जाने से बैंकों की टियर-1 पूंजी 60 आधार अंक तक प्रभावित हो सकती है, ऋण वृद्धि खासकर गैर-बैंकिंग क्षेत्र में दबाव पड़ सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों, क्रेडिट कार्ड और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए उधारी पर जोखिम भार 25 आधार अंक तक बढ़ा दिया है। रेटिंग एजेंसी ने एक बयान में कहा है कि इससे ऊंची उधारी दरों को बढ़ावा मिलने की आशंका है जिससे मुनाफा प्रभावित होगा और ऊंचे जोखिम भार से आखिरकार परिसंपत्ति गुणवत्ता को मदद मिलेगी। एसऐंडपी ग्लोबल रेटिंग्स में क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा कि वित्त कंपनियां ज्यादा प्रभावित होंगी, क्योंकि उनकी बैंक उधारी लागत बढ़ेगी।

इन बदलावों का हमारी भारतीय वित्तीय क्षेत्र की रेटिंग पर कोई त्वरित प्रभाव नहीं पड़ेगा। इससे रेटिंग प्राप्त बैंकों और वित्तीय कंपनियों के लिए हमारा जोखिम-समायोजित पूंजी अनुपात प्रभावित नहीं होगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा है, 'हम वैश्विक तौर पर लगातार जोखिम भारांक का इस्तेमाल करते हैं जिससे निर्धारित परिसंपत्ति वर्गों पर जोखिम के संबंध में हमारा नजरिया स्पष्ट होता है। भारतीय बैंकों और वित्तीय कंपनियों के असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों के लिए, हम पहले से ही 121 प्रतिशत का ऊंचा जोखिम भारांक इस्तेमाल कर रहे हैं।' *बीएस*

# फेडबैंक फाइनैंशियल का आईपीओ 22 को खुलेगा

अतिरा वारियर
मुंबई, 17 नवंबर

गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा कंपनी (एनबीएफसी) फेडबैंक फाइनैंशियल सर्विसेज 22 नवंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों का अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पेश करेगी और यह 24 नवंबर, 2023 को बंद होगा। इसने प्रति इक्विटी 133 रुपये से लेकर 140 रुपये तक का मूल्य दायरा तय किया है। प्रत्येक शेयर का अंकित मूल्य 10 रुपये है। कंपनी की योजना आईपीओ से करीब 1,092 करोड़ रुपये जुटाने की है।

इस आईपीओ में कुल मिलाकर 600 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम और 492 करोड़ रुपये तक की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। फ्लोर प्राइस 13.30 गुना है और कैप प्राइस शेयरों के अंकित मूल्य का 14 गुना है। एंकर निवेशक बोली 21 नवंबर, 2023 को शुरू होगी।

फेडबैंक फाइनैंशियल सर्विसेज एमएसएमई और उभरते हुए स्व-रोजगार व्यक्तियों को ऋण प्रदान करती है। अपनी 584 शाखाओं के जरिये 190 जिलों को दायरे में लेते हुए इसकी 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इसकी मौजूदगी है।

कंपनी के प्रमुख कारोबार में गिरवी रखकर ऋण, स्वर्ण ऋण और असुरक्षित ऋण शामिल हैं। हालांकि एनबीएफसी के संबंध में आरबीआई के हालिया परिपत्र के असर के बारे में प्रबंधन का कहना है कि इस फैसले के बारे में वे ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि कंपनी की लोन बुक का लगभग 86 से 87 प्रतिशत हिस्सा सुरक्षित श्रेणी में है। इसके अलावा कंपनी मुख्य रूप से एमएसएमई के कारोबारी ऋण में है, न कि खुदरा व्यक्तिगत ऋण में।




### फ्लेयर राइटिंग के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

पेन बनाने वाली कंपनी फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने 593 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 288-304 रुपये प्रति शेयर तय किया है। बाजार सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि कंपनी का आईपीओ 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा। एंकर निवेशक 21 नवंबर को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे।

आईपीओ दस्तावेजों (आरएचपी) के अनुसार, फ्लेयर राइटिंग के निर्गम में 292 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसके अलावा प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह 301 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएंगे। फिलहाल कंपनी में प्रवर्तकों और प्रवर्तक समूह की इकाइयों की शत प्रतिशत हिस्सेदारी है। नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल गुजरात के वलसाड जिले में लेखन उत्पादों के लिए एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने, कंपनी की पूंजीगत जरूरत को पूरा करने और सहायक कंपनी फ्लेयर राइटिंग इक्विपमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड (एफडब्ल्यूईपीएल) के वित्तपोषण में किया जाएगा।

# सॉफ्टबैंक ने डेलिवरी में बेचा 2.5 फीसदी हिस्सा

बीएस संवाददाता
मुंबई, 17 नवंबर

जापानी निवेश दिग्गज सॉफ्टबैंक की निवेश इकाई एसवीएफ डोरबेल ने शुक्रवार को लॉजिस्टिक फर्म डेलिवरी में 2.49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची। उसने 404 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 1.83 करोड़ शेयर बेचकर 739 करोड़ रुपये जुटाए हैं। शेयर बिक्री ब्लॉक डील के जरिये हुई। खरीदारों के नामों का खुलासा एक्सचेंज ने नहीं किया है। डेलिवरी का शेयर 3.5 प्रतिशत गिरकर 400 रुपये पर बंद हुआ।

सितंबर 2023 के अंत तक, डेलिवरी में सॉफ्टबैंक की इकाई एसवीएफ का हिस्सा 14.46 प्रतिशत था। मार्च में, एसवीएफ डेलिवरी में 3.85 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 954 करोड़ रुपये हासिल किए थे। इससे पहले पिछले महीने में सॉफ्टबैंक ने भी फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो में 1,040 करोड़ रुपये में 1.1 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची थी।


## APPOINTMENTS

sidbi
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
संविदात्मक (पूर्णकालिक) आधार पर आईटी विशेषज्ञों की नियुक्ति:-2023-24

सिडबी, एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रधान वित्तीय संस्थान, पूर्णकालिक संविदा आधार पर विभिन्न पदों के लिए पात्र और उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्रम सं | पद | पद कूट | कुल रिक्तियां | आरक्षित रिक्तियाँ | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अना | ईडब्ल्यूस | अपिव | अजा | अजजा |
| 1 | एआई/एमएल स्वचालन विशेषज्ञ | 01 | 03 | 03 | - | - | - | - |
| 2 | जावा तकनीकी नेतृत्व | 02 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 3 | वरिष्ठ जावा डेवलपर | 03 | 02 | 02 | - | - | - | - |
| 4 | जूनियर जावा डेवलपर | 04 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 5 | वरिष्ठ यूआई डेवलपर | 05 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 6 | जूनियर यूआई डेवलपर | 06 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 7 | वरिष्ठ मोबाइल डेवलपर | 07 | 01 | 01 | - | - | - | - |
| 8 | जूनियर मोबाइल डेवलपर | 08 | 01 | 01 | - | - | - | - |

पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **02 दिसंबर, 2023** है। विस्तृत विज्ञापन जिसमें पात्रता मानदंड, पारिश्रमिक, चयन प्रक्रिया आदि और आवेदन पत्र शामिल हैं, सिडबी की वेबसाइट **www.sidbi.in.** पर उपलब्ध हैं। कोई भी संशोधन सिडबी की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।



Corrigendum to the public announcement dated November 03, 2022 for the immediate attention of the public shareholders of

## TCI DEVELOPERS LIMITED

**Corporate Identification Number (CIN):** L70102TG2008PLC059173
**Registered Office:** Flat No. 306-307, 1-8-271 to 273, 3rd Floor, Ashoka Bhoopal Chambers, S. P. Road, Secunderabad, Telangana, 500003 | **Tel. No.:** +91- 40-27840104 | **Fax. No.:** +91- 40-27840163
**Contact Person:** Ms. Saloni Gupta, Company Secretary & Compliance Officer
**Email id:** secretarial@tcidevelopers.com | **Website:** www.tcidevelopers.com

**Dear Residual Public Shareholder,**

(This public invitation shall be read in continuation of and read in conjunction with and all capitalized terms used in this public invitation shall have the same meaning as ascribed to it in Detailed Public Announcement dated September 02, 2022 published on September 05, 2022 ("**DPA**"), the Letter of Offer dated September 05, 2022 ("**LOF**"), Post Offer PA dated September 21, 2022 ("**Post Offer PA**"), Exit Offer Public Announcement dated November 03, 2022 ("**Exit Offer PA**") and Exit Letter of Offer dated November 11, 2022 ("**ELOF**").

This invitation of the Company is being issued for and on behalf of TDL Real Estate Holdings Limited ("**Promoter Acquirer**"), and other members of promoter and promoter group of TCI Developers Limited to the remaining Public Shareholders ("**Residual Public Shareholders**") of TCI Developers Limited (the "**Company**") in adherence with Regulation 27(1)(a) and all other applicable regulations of the Delisting Regulations.

This is to inform to all Residual Public Shareholders that the Equity Shares of the Company have been delisted and trading in the Equity Shares of the Company has been discontinued trading w.e.f. November 11, 2022 ("**BSE and NSE Date of Discontinuance of Trading**") and the above referred security symbol will be delisted from BSE and NSE with effect from November 18, 2022 ("**BSE and NSE Date of Delisting**").

In terms of Regulation 27(1)(a) read with Regulation 26 and all other applicable Regulations of the Delisting Regulations, the Promoter Acquirer is inviting the Remaining Public Shareholders to avail the exit opportunity during the one-year exit window after delisting of Equity Shares.

The Residual Public Shareholders who have still not tendered their Equity Shares, can tender their Equity Shares to the Promoter Acquirer at the Exit Price of ₹ **400/-** (Indian Rupees Four Hundred Only) during the **extended period from November 18, 2023 till May 31, 2024** (both days inclusive) (the "**Exit Window**") subject to the terms and conditions provided in ELOF.

The Residual Public Shareholders are required to ensure that their Exit Application Form, together with the necessary enclosures, as per ELOF, is received by the Registrar to the Exit Offer on or before May 31, 2024.

In case of non-receipt of said Exit Application Form / ELOF or if the same has been misplaced, the Residual Public Shareholders may obtain a copy of the same by writing to the Registrar to the Exit Offer. Copy of the ELOF can also be downloaded from the websites of the BSE at www.bseindia.com, NSE at www.nseindia.com and Company at www.tcidevelopers.com.

**A follow-up email for the offer period extended till May 31, 2024,** has been sent to all the remaining Residual Public Shareholders in compliance with Regulation 27(1)(b) of the Delisting Regulations.

The Promoter Acquirer will make the payment by way of electronic credit to Residual Public Shareholders who have validly tendered their Equity Shares in Exit Offer following the receipt and verification of duly filled Exit Applications Form(s) (together with necessary enclosures, if any and receipt of the Equity Share(s) in the Special Depository Account / receipt of physical share certificate(s) (along with duly filled in transfer deed(s) as applicable) by the Registrar to the Exit Offer.

Any Residual Public Shareholders seeking any other assistance in connection with their shareholding like issue of duplicate share certificate, rectification of name, transmission of shares, deletion of name of a shareholder in case of joint shareholding, etc. may contact the Registrar to the Exit Offer.

**The Promoter Acquirer accept full responsibility for the information contained in this Public Invitation and confirms that such information is true, fair and adequate in all material aspects.**

| MANAGER TO THE OFFER | REGISTRAR TO THE OFFER |
|---|---|
| SAFFRON energising ideas<br>**SAFFRON CAPITAL ADVISORS PRIVATE LIMITED**<br>605, 6th floor, Centre Point, Andheri Kurla Road, J.B. Nagar, Andheri (East) Mumbai - 400 059, Maharashtra, India.<br>**Telephone:** +91 22 4973 0394 \| **Fax:** NA<br>**E-mail:** delistings@saffronadvisor.com<br>**Website**: www.saffronadvisor.com<br>**Investor grievance:** investorgrievance@saffronadvisor.com<br>**SEBI Registration Number:** INM 000011211<br>**Validity of Registration:** Permanent<br>**Contact Person:** Amit Wagle/ Gaurav Khandelwal | KFINTECH<br>**KFIN TECHNOLOGIES LIMITED**<br>Selenium Tower – B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad 500 032, Telangana, India.<br>**Telephone:** +91 40 6716 2222/ / +91 40 7961 1000<br>**Toll Free No:** 1-800-3094-001 \| **Fax:** + 91 40-23001153<br>**Email:** tci.delistingoffer@kfintech.com<br>**Website:** www.kfintech.com<br>**Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com<br>**Contact Person:** Mr. Murali Krishna M<br>**SEBI Registration Number:** INR000000221 |

*For and on behalf of the Board of Directors of TDL Real Estate Holdings Limited (the Promoter Acquirer)*

| Sd/- | Sd/- | Sd/- |
|---|---|---|
| Urmila Agarwal | Karanjit Singh | Ishwar Singh Sigar |

**Place:** Gurugram
**Date:** November 17, 2023
AdBaaz



PRESIDENT

## श्नाइडर इलेक्ट्रिक प्रेसिडेंट सिस्टम्स लिमिटेड

**सीआईएन:** U32109KA1984PLC079103
**रजि. कार्यालय:** 5सी/1, केआईएडीबी औद्योगिक क्षेत्र, अट्टीबेले, बेंगलुरु – 562107, कर्नाटक
**फोन:** +91 80 67888300; +91 80 4554 0000;
**वेबसाइट:** www.schneiderelectricpresident.com; **ई–मेल:** companysecretary@se.com

### सूचना

एतद् द्वारा श्नाइडर इलेक्ट्रिक प्रेसिडेंट सिस्टम्स लिमिटेड (**"कंपनी"**) के उन शेयरधारकों को सूचित किया जाता है जिन्होंने सेबी परिपत्र दिनांकित 10 अक्टूबर, 2016 (SEBI/HO/MRD/DSA/CIR/P/2016/110) के "विकीर्णन बोर्ड (**"डीबी"**) पर रखे गए गैर–मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों की विशेष रूप से सूचीबद्ध कंपनियों' के शर्तानुरूप, श्नाइडर इलेक्ट्रिक साउथ ईस्ट एशिया (एचक्यू) पीटीई लिमिटेड (**"प्रमोटर"** या **"अधिग्रहणकर्ता"**) द्वारा 14 फरवरी, 2017 के अपने प्रस्ताव पत्र के अनुसार, उनके द्वारा प्रस्तुत कंपनी के इक्विटी शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु (**"शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु प्रस्ताव"/"प्रस्ताव"**) के अनुसार, जारी एग्जिट ऑफर के दौरान ₹ 200.40 प्रति इक्विटी शेयर के ऑफर मूल्य (**"एग्जिट ऑफर"**) पर कंपनी के अपने इक्विटी शेयरों की पेशकश की थी जो कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) के संदर्भ संख्या WTM/GM/MIRSD/62/2020-21 दिनांकित 19 जनवरी, 2021 के आदेश के मामले में कंपनी एवं प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (**"एसएटी"**) द्वारा अपील संख्या 144/2021 में आदेश दिनांकित 26 जुलाई, 2023 में पारित किया गया। ऐसे प्रत्येक शेयरधारक को इसके पश्चात् **"एक्जिट शेयरधारक"** के रूप में संदर्भित किया गया है, और एक्जिट शेयरधारक के संबंध में, ऐसे एक्जिट शेयरधारक द्वारा एक्जिट ऑफर में प्रस्तुत किए गए इक्विटी शेयरों को इसके बाद **"एक्जिट शेयर"** के रूप में संदर्भित किया गया है।

उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में, कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों को कम से कम एक राष्ट्रव्यापी स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया है और प्रमोटर की ओर से एक्जिट शेयरधारकों को एक्जिट मूल्य अर्थात् ₹ 200.40 (**"एक्जिट मूल्य"**) पर एक्जिट शेयरों को वापस खरीदने का अवसर प्रदान किया है, यदि एक्जिट मूल्य शेयरधारक चुनता है।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, एक्जिट शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि:

1. "शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु प्रस्ताव पत्र" केवल एक्जिट मूल्य पर एक्जिट शेयरों को वापस खरीदने के लिए एक्जिट शेयरधारकों को भेजा गया है, जो प्रति एक्जिट शेयर की कीमत है जिस पर प्रमोटर ने एक्जिट शेयरधारकों से एक्जिट प्रस्ताव का हिस्सा के तौर पर एक्जिट शेयर खरीदे थे।
2. सभी एक्जिट शेयरधारकों को शेयरों को पुनः प्राप्त करने के लिए उपरोक्त प्रस्ताव पत्र का इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक प्रेषण बृहस्पतिवार, 16 नवम्बर, 2023 को पूरा हो गया था और रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रान्सफर एजेंट (**आरटीए**) के पास अवधि (2017–18) के दौरान पंजीकृत और उपलब्ध संपर्क विवरण (ईमेल एवं निवास पता) के अनुसार भेजा गया है। संदर्भ हेतु प्रस्ताव पत्र कंपनी की वेबसाइट www.schneiderelectricpresident.com पर भी उपलब्ध है।
3. ऑफर हेतु प्रस्तावित गतिविधि समय–सीमा नीचे दी गई है:

| गतिविधि | समयसीमा |
|---|---|
| ऑफर अवधि का आरम्भ | मंगलवार, 21 नवम्बर, 2023 |
| ऑफर अवधि की समाप्ति | बुधवार, 29 नवम्बर, 2023 |
| प्राप्त प्रतिफल का सामंजस्य | बृहस्पतिवार, 7 दिसम्बर, 2023 |
| संबंधित एक्जिट शेयरों का निपटान और स्थानांतरण उन संबंधित एक्जिट शेयरधारकों को करना, जिनकी प्रस्ताव की स्वीकृति अस्वीकार नहीं की गई है | सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 तक |
| अतिरिक्त राशि की वापसी, यदि कोई हो | सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023 तक |

4. जो एक्जिट शेयरधारक एक्जिट शेयरों को पुनः अधिगृहित करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु स्वीकृति पत्र के साथ शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु प्रस्ताव पत्र में निर्धारित दस्तावेजों/विवरणों के साथ भरकर ईमेल के माध्यम से या डाक से – पंजीकृत अथवा स्पीड (अपनी लागत पर), प्रस्ताव अवधि के भीतर लिफाफे पर स्पष्ट रूप से "श्नाइडर इलेक्ट्रिक साउथ ईस्ट एशिया (एचक्यू) पीटीई लिमिटेड – पुनः अधिग्रहण की पेशकश" अंकित करते हुए कंपनी के आरटीए को भेजें। संदर्भ हेतु आरटीए का विवरण नीचे दिया गया है:

   श्री संतोष गमारे
   यूनिवर्सल कैपिटल सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड
   पताः सी–101, 247 पार्क, पहली मंजिल, एलबीएस रोड, गाँधी नगर, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई – 400 083, भारत
   फोन 91–022–49186178/49186179; ई–मेल: gamare@unisec.in
5. सभी एक्जिट शेयर ऑफर के हिस्से के रूप में, ऑफ मार्केट मोड में और एमसीए अधिसूचना के अनुसार दिनांकित 10 सितम्बर, 2018 के अनुपालन में मात्र डीमटेरियलाइज्ड रूप में संबंधित एक्जिट शेयरधारकों को हस्तांतरित किए जाएंगे। तदनुसार, एक्जिट शेयरधारकों के पास एक्जिट शेयरों को पुनः प्राप्त करने हेतु एक वैध और सक्रिय डी–मैट खाता होना चाहिए।
6. यदि किसी एक्जिट शेयरधारक (अनिवासी भारतीय, भारत के प्रवासी नागरिक, विदेशी कॉर्पोरेट निकाय या विदेशी संस्थागत निवेशक सहित) को एक्जिट शेयरों को पुनः अधिगृहित करने पर इसके संबंध में किसी वैधानिक या विनियामक अनुमोदन (भारतीय रिजर्व बैंक या किसी अन्य नियामक निकाय सहित) की आवश्यकता होती है तो ऐसे एक्जिट शेयरधारक को इस प्रस्ताव की स्वीकृति के संवाद से पूर्व इस तरह का अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।
7. किसी भी प्रश्न के लिए, एक्जिट शेयरधारक कंपनी सचिव से, companysecretary@se.com पर और/अथवा आरटीए से gamare@unisec.in पर संपर्क कर सकते/लिख सकते हैं।

विस्तृत विनियामक जानकारी, निर्देश, प्रक्रिया एवं भागीदारी के तरीके हेतु, कृपया एक्जिट शेयरधारकों को भेजे गए "शेयरों को पुनः अधिगृहित करने हेतु प्रस्ताव" देखें।

**श्नाइडर इलेक्ट्रिक प्रेसिडेंट सिस्टम्स लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./–**
**सपना भाटिया**
**कंपनी सचिव**

**दिनांक:** 16 नवम्बर, 2023
**स्थान:** बेंगलुरु

Life Is On Schneider Electric